म० म० पं० श्रीगङ्गाधरशास्त्री तैलङ्ग विरचिता

भारत-कथा

(बालतोषिणी संस्कृत-हिन्दी-व्याख्या सहिता)

पं० श्रीजगन्नाथ शास्त्री तैलङ्ग

वाराणसेय-संस्कृत-विश्वविद्यालयीय-प्रथमपरीक्षायां निर्धारिता

भारत कथा

●

'बालतोषिणी' नामक-संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता

●

लेखकः

म० म० स्व० श्री गङ्गाधर शास्त्री तैलंगः

सी० आई० ई०

●

व्याख्याकारः

श्री जगन्नाथ शास्त्री तैलंगः

साहित्याचार्यः

●

भूमिका-लेखकः

श्री कान्तानाथ शास्त्री तैलंगः

[रीडर हिन्दूविश्वविद्यालय, वाराणसी]

प्रकाशकः

मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी

समर्पणम्

पूज्यपितृव्यचरणेषु

'त्वदीयं' वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये ।'

प्रेष्ठो विनीतो

—जगन्नाथः

महामहोपाध्याय श्री ६ गङ्गाधर शास्त्री, सी० आई० ई०, काशी ।

जन्म-संवत् १९१० मृत्यु-संवत् १९७०

दो शब्द

परमादरणीय वाग्देवतावतार हमारे पूज्य पितृव्यचरण म० म० स्व० गङ्गाधर शास्त्री तैलंग सी० आई० ई० महोदय की 'शाश्वत' धर्मदीपिका का यह 'भारत-कथा' अंश वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रथमा परीक्षा में पाठ्य-ग्रन्थ के रूप में निर्धारित हुआ है। इसके प्रकाशन का उपक्रम करते हुए प्रसिद्ध प्राच्यविद्या-प्रकाशन-प्रतिष्ठान श्री 'मोतीलाल बनारसीदास' ने मुझे इसकी व्याख्या करने के लिए कहा। तदनुसार बालकों के पाठ्य ग्रन्थ को ध्यान में रखकर मैं भी बालमति उसे लिखकर विज्ञ जनों के समक्ष उपस्थित कर रहा हूँ। इसमें टीका करने के अभिनिवेश का भाव न होकर पूज्य चरणों की वाणी से अपनी लेखनी को पवित्र करने का भाव ही सर्व-प्रमुख है। उसके बाद का प्रेरक भाव कोमलमति बालकों को सहयोग देना है। यह कहाँ तक बन पड़ा, यह विद्वान् पाठक ही तय करेंगे। पूज्य कान्तानाथ शास्त्री तैलंग जी ने इसे अपनी भूमिका से सुशोभित कर मुझे और भी उत्साह दिया है। उनके प्रति सश्रद्ध कृतज्ञता व्यक्त करते हुए प्रकाशक को भी इसके प्रकाशन के लिए अनेक धन्यवाद दे रहा हूँ।

—जगन्नाथ शास्त्री तैलंग

भूमिका

'भारत-कथा' स्वर्गीय पूज्यपाद परमगुरु श्री महामहोपाध्याय पं० मानवल्लि गङ्गाधर शास्त्री जी तैलंग की रचना है। श्री पूज्यचरण अपने समय के सर्वश्रेष्ठ विद्वानों में अन्यतम थे। आपका आविर्भाव-काल और जीवन-वृत्त आदि निम्नलिखित हैं।

कवि का संक्षिप्त जीवन : वृत्त—बंगलोर के 'यसरगट्टा' नामक गाँव में 'मानवल्लि' उपनामक गौतमगोत्रीय एक वैदिक कुटुम्ब रहता था। इस वंश में श्री मानवल्लि सुब्रह्मण्य शास्त्री नामक विद्वान् का आविर्भाव हुआ। आप कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा के घनान्ती विद्वान् तथा संस्कृत साहित्य और वेदान्त के अच्छे पण्डित थे। आपके एकमात्र पुत्र मानवल्लि नृसिंह शास्त्री थे। नृसिंह शास्त्री के बाल्यकाल ही में उनके माता-पिता का स्वर्गवास हो गया। अतः वे बंगलोर में अपने मामा के घर रहने लगे। वहीं आपकी प्रारम्भिक शिक्षा हुई। आप अठारह वर्ष की अवस्था तक कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा तथा साहित्य शास्त्र के पूर्ण पण्डित हो गये। इसके बाद आपके मन में श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन करने की प्रबल इच्छा का उदय हुआ। परन्तु उन दिनों आज की तरह यात्रा के साधनों की सुविधा न थी। अतः महीनों कष्टपूर्ण यात्रा कर आप पैदल काशी आये और भगवान् विश्वनाथ का दर्शन कर कृतकृत्य हुए।

आपने काशी में ही वेदान्त और मीमांसा-दर्शनों का विधिवत् अध्ययन किया। यहींसे आपका गृहस्थाश्रम भी प्रारम्भ हुआ। आपकी वैदिक-प्रौढ़ता, दार्शनिक-विवेचकता और साहित्य-निपुणता से प्रसन्न हो

तात्कालिक काशीनरेश महाराज श्री ईश्वरीनारायण सिंहजी ने आपको बड़े सम्मान से अपने दरबार का प्रधान पण्डित पद प्रदान किया। महाराज श्री ईश्वरीनारायण सिंह जी की छत्रच्छाया में रहकर आपने बहुत-सी रचनाएँ कीं, जिनमें महाराज के निर्देश पर विरचित 'साहित्य-सागर' नामक पद्यमय विशाल हिन्दी-ग्रन्थ विशेष उल्लेखनीय है। इसके अतिरिक्त आपने स्कन्दपुराणान्तर्गत 'शिवविलास' खण्ड की संस्कृत-टीका, महाभारत के कतिपय पर्वों की हिन्दी-टीका तथा 'काव्यात्म-संशोधन' नामक साहित्यशास्त्र के सैद्धान्तिक ग्रन्थ की रचना की है। आप अध्यापन कला में भी बड़े निपुण थे।

आपको भगवान् की कृपा से ज्येष्ठ शुक्ल दशमी (गंगादशहरा) वि० सं० १९१० में पुत्र-रत्न की प्राप्ति हुई। यही पुत्र आगे चलकर म० म० पं० गङ्गाधर शास्त्री जी तैलङ्ग सी० आई० ई० के नाम से प्रसिद्ध हुए। नामकरण संस्कार के अवसर पर आपका नाम 'सुब्रह्मण्य' रखा गया था, किन्तु बाद आपकी मातामही के आग्रह पर, गंगादशहरा को जन्म होने के कारण, व्यावहारिक नाम 'गङ्गाधर' ही चल पड़ा।

श्री नृसिंह शास्त्री जी ने शिशु गङ्गाधर को पाँच वर्ष की अवस्था से ही काव्यों की शिक्षा देना आरम्भ किया। आठ वर्ष की अवस्था तक गङ्गाधर जी की काव्यों में अच्छी गति हो गयी। वे संस्कृत, हिन्दी, मराठी और तेलगू में अच्छी तरह पढ़ने लिखने लग गये। इसी समय शास्त्री जी ने उनका यज्ञोपवीत संस्कार कर उन्हें वेदाध्ययन का अधिकारी बना दिया। वेदाध्ययन के लिए वे वेदमूर्ति श्री बालकृष्ण भट्ट नेने के पास जाने लगे। साहित्य, व्याकरण और दर्शन का अध्ययन वे घर पर ही अपने पिता जी से करते थे। सोलह वर्ष की अवस्था तक श्री गङ्गाधर जी ने कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा का साङ्ग अध्ययन कर लिया। साहित्य के वे पूर्ण पण्डित हो गये। दर्शन और व्याकरण का भी उन्हें अच्छा ज्ञान प्राप्त हो गया।

अब नृसिंह शास्त्री जी ने उन्हें व्याकरण के उच्चग्रन्थ तथा धर्मशास्त्र का अध्ययन करने के लिए श्री राजाराम शास्त्री जी कार्लेकर को सौंप दिया, दर्शनशास्त्र स्वयं ही घर पर पढ़ाने लगे। दुर्भाग्यवश श्री राजाराम शास्त्री जी का कुछ ही समय बाद देहावसान हो गया। तब श्री गङ्गाधर जी ने श्री राजाराम शास्त्री जी के प्रधान शिष्य श्री बालशास्त्री जी रानडे से, जिन्हें लोग उनकी विद्वत्ता के कारण 'बाल-सरस्वती' भी कहते थे, व्याकरण और अन्य शास्त्रों का अध्ययन आरम्भ किया। श्री गङ्गाधर जी बड़े प्रतिभाशाली थे। वे गुरुमुख से एक बार जो व्याख्यान सुन लेते, सदा के लिए उनके हृदय में स्थायी हो जाता। शास्त्रीय वाक्यों के अर्थ करने में नये-नये परिष्कार उन्हें स्वयं सूझने लगते। गुरुदेव इनसे सर्वदा बड़े प्रसन्न रहते। गुरु की कृपा से इन्होंने थोड़े ही समय में व्याकरण, धर्मशास्त्र तथा अन्य शास्त्रों का भी पूर्ण पाण्डित्य सम्पादन कर लिया। श्री बालशास्त्री जी ने प्रसन्न होकर अपने छात्रों के अध्यापन और धर्मशास्त्रसम्बन्धी व्यवस्था देने का कार्य श्री गङ्गाधर शास्त्री जी को सौंप दिया। आपने भी इस भार को बड़ी दक्षता से संभाला।

अब श्री गंगाधर शास्त्री जी का यश चारों तरफ फैलने लगा। काशिक राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के तत्कालीन प्रिन्सिपल श्री थीबो साहब ने श्री शास्त्री जी से साहित्य और दर्शन के अध्यापक का पद स्वीकार करने की प्रार्थना की। सं० १८७९ ई० में आप वहाँ प्राध्यापक हो गये। आपकी अध्यापन-कला उत्कृष्ट थी। छात्र-मण्डली आकृष्ट होकर चारों तरफ से आपकी शरण आने लगी। आपने व्याकरण, साहित्य-धर्मशास्त्र और दर्शन में अनेक दिग्गज विद्वान् तैयार किये। आपके पढ़ाये विद्वानों में म० म० श्री रामशास्त्री जी तैलंग, म० म० श्री लक्ष्मण शास्त्री जी तैलंग, गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज, बनारस के तत्कालीन प्रिंसिपल डाक्टर वेनिस आचार्य श्री दामोदरलाल जी गोस्वामी, म० म० श्री रामावतार शर्मा जी, म०म० श्री नित्यानन्द पर्वतीय जी, तथा श्री नागेश्वर पन्त धर्माधिकारी

जी आदि विद्वानों के नाम उल्लेखनीय हैं। सन् १८७७ में श्रीमती सम्राज्ञी विक्टोरिया के जीवन के ५० वर्ष पूरे हुए। उस समय सरकार की ओर से धूमधाम से स्वर्ण-जयन्ती महोत्सव मनाया गया। इसी महोत्सव के के अवसर पर सरकार की ओर से श्री गंगाधर शास्त्री जी की 'महामहोपाध्याय' की उपाधि से विभूषित किया गया। इस समय आपकी अवस्था केवल तैंतीस वर्ष की थी। इसके बाद सन् १९०३ में सप्तम एडवर्ड अंग्रेजी साम्राज्य के सम्राट् हुए। उस अवसर पर दिल्ली में दरबार-महोत्सव मनाया गया। सरकार की ओर से श्री शास्त्री जी को भी दिल्ली आकर उत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमन्त्रित किया गया। परन्तु स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण आप दिल्ली न जा सके। अतः सम्राट् की तरफ से काशी के जिलाधीश ने आपको सी० आई० ई० की पदवी दी जाने की घोषणा दी। आप दीर्घकाल तक प्रयाग-विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी समिति के सदस्य रहे।

कतिपय रोचक संस्मरण : महापुरुषों के जीवन की कुछ घटनाएँ ऐसी होती हैं, जिनसे नयी पीढ़ी के लोगों को शिक्षा मिलती है और कार्यक्षेत्र में उनका उत्साह बढ़ता है। श्री गंगाधर शास्त्री जी के जीवन की भी ऐसी ही कतिपय प्रमुख घटनाओं का यहाँ उल्लेख करना अप्रासङ्गिक न होगा।

एक समय की बात है, श्री गट्टूलाल शास्त्री नामक एक शतावधानी विद्वान् काशी आये। वे थे तो जन्मान्ध, पर साहित्य और अन्य शास्त्रों के अनुपम विद्वान् रहे। शास्त्रचर्चा के लिए श्री गोपाल-मन्दिर के प्राङ्गण में काशी के विद्वानों की एक सभा हुई। बहुत देर तक गूढ़ शास्त्रीय विषयों पर विचार हुआ। अन्त में प्रज्ञाचक्षु शास्त्री जी ने कहा : 'यदि कोई मेरी वर्णक्रमानुसारिणी 'बभौ मयूरो लवशेषसिंहः' इस समस्या को वर्ण-क्रमानुसार ही पूर्ण कर दे तो मैं पराजय स्वीकार कर लूँगा।' यह सुन उपस्थित विद्वानों के चेहरों पर उदासी छा गयी। सभी लोग श्री गंगाध

शास्त्री जी की ओर देखने लगे। श्री शास्त्रीजी ने नम्रता से कागज और लेखनी उठायी और निम्नलिखित प्रकार से समस्या पूरी कर कागज श्री गट्टूलाल जी के सामने रख दिया :

'अनेकवर्णक्रमरीतियुक्तः कखागघाङ च्छजझाञटौठः।

ड्डढणस्तोऽथ दधौ न पम्फुल् बभौ मयूरो लवशेषसिंहः॥

सभा-भवन 'जितम्, जितम्' के नारों से गूँज उठा। श्री गट्टूलालजी और विद्वानों ने श्री गंगाधर शास्त्री जी को गले लगाकर अपनी विद्यानुरागिता का परिचय दिया।

सन् १८९० में सरकारी अधिकारियों ने काशी में जल-कल-व्यवस्था चालू करने का निर्णय किया। अस्सीघाट स्थित श्री गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा स्थापित राम मन्दिर का स्थान-परिवर्तन करने तथा मूर्तियों को दूसरे मन्दिर में पुनः स्थापित करने का विचार हुआ। इस समाचार से जनता क्षुब्ध हो उठी। अधिकारियों ने दमन-नीति का आश्रय लिया। इससे आग शान्त होने की अपेक्षा और बढ़ने लगी। अतः उस समय के जिलाधीश ने श्री शास्त्री जी से इस विषय पर शास्त्रीय व्यवस्था देने की प्रार्थना की। श्री शास्त्रीजी ने अपनी व्यवस्था दी और अधिकारियों को मूर्तियाँ हटाने और मन्दिर तोड़ने से मना किया। अधिकारियों को अपनी योजना त्यागनी पड़ी। इस प्रकार श्री शास्त्री जी ने अपने प्रभाव से काशी नगरी को भारी उपद्रव से बचा लिया। जनता और अधिकारियों के सिर आनेवाली भारी आपत्ति टल गयी।

श्री गङ्गाधर शास्त्री जी जिस प्रकार साहित्य, व्याकरण, दर्शन, धर्मशास्त्र आदि विषयों के मर्मज्ञ विद्वान् थे, उसी प्रकार वेद और श्रौत-स्मार्त कर्मकाण्ड के भी अद्वितीय पण्डित थे। सन् १८९७ ई० में काशीनिवासी एक निर्धन ब्राह्मण श्री सदाशिव दीक्षित, अग्निहोत्री ने श्री शास्त्री जी से 'ज्योतिष्टोम' यज्ञ करने की अभिलाषा व्यक्त की। उन्होंने श्री शास्त्री जी से ही उस यज्ञ का आचार्यत्व स्वीकार करने की प्रार्थना

की। श्री सदाशिव जी निर्धन थे। श्री शास्त्री जी के पास भी इतना धन न था कि वे उस यज्ञ का पूरा भार वहन करते। फिर भी उन्होंने उस यज्ञ का आचार्यत्व स्वीकार किया और यज्ञ करने का निश्चय किया। आपके आगे होते ही चारो तरफ से धन बरसने लगा और आपने उसको यथाविधि संपन्न किया।

इसके कुछ दिनों बाद नेपाल महाराज के राजपण्डित आचार्य श्री शिरोमणि जी ने दो 'सोमयाग' किये। दोनों में आपने श्री शास्त्री जी से ही आचार्यत्व ग्रहण करने की प्रार्थना की। शास्त्री जी ने बड़ी प्रसन्नता से उनकी प्रार्थना स्वीकार की और दोनों याग बड़ी सफलता से संपन्न किये। ये याग कई सौ वर्षों से नहीं हुए थे। अतः उनकी विधि संपन्न कराने वाले याज्ञिक दुष्प्राप्य थे। श्री शास्त्री जी ने स्वयं ब्राह्मण ग्रन्थ, श्रौतसूत्र आदि का आलोडनकर पद्धतियाँ तैयार की और अध्वर्यु, होता आदि ऋत्विजों को शिक्षित किया। दोनों यज्ञ बड़े समारोह से संपन्न हुए।

पूज्य शास्त्री जी को दो पुत्र और एक कन्या थी। आपके ज्येष्ठ पुत्र का नाम श्री दुण्ढिराज शास्त्री और कनिष्ठ पुत्र का नाम श्री भालचन्द्र शास्त्री था। श्री दुण्ढि राज शास्त्री बड़े प्रतिभाशाली थे। दुर्भाग्यवश सन् १९०३ ई० में आपका एका-एक देहावसान हो गया। पूज्य शास्त्री जी के कनिष्ठ पुत्र श्री भालचन्द्र शास्त्री जी भी साहित्य के अप्रतिम विद्वान् थे। आप काशिक राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में प्रधानाध्यापक थे। आपके पढ़ाये अनेक छात्र आज भी शिक्षा-विभाग में उच्च पदों पर काम कर रहे हैं।

ज्येष्ठ पुत्र श्री दुण्ढिराज शास्त्री-जी के देहावसान के बाद श्री गङ्गाधर शास्त्री जी धीरे-धीरे क्षीण होने लगे। आपने राजकीय सेवा से अवकाश ग्रहण किया। ज्येष्ठ शुक्ल प्रति-पद् गुरुवार वि० सं० १९७० को आपने इहलीला पूरी कर महाप्रयाण किया।

पूज्य श्री गङ्गाधर शास्त्री जी को म० म० श्री रामशास्त्री जी तथा म०म० श्री लक्ष्मण शास्त्री जी दो छोटे भाई थे। श्री रामशास्त्री जी साहित्य और दर्शन के उत्तम कोटि के विद्वान् थे। आप काशिक राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में प्रधानाध्यापक थे। आपकी प्रकाशित-अप्रकाशित अनेक उत्तम रचनाएँ हैं। श्री लक्ष्मण शास्त्री जी सबसे छोटे भाई थे। आप भी साहित्य के अनुपम विद्वान् थे। आप क्वीन्स कालेज, वाराणसी में संस्कृत के प्राध्यापक थे। आपकी भी प्रकाशित और अप्रकाशित अनेक रचनाएँ उपलब्ध हैं।

म० म० श्री लक्ष्मण शास्त्री जी के एकमात्र पुत्र श्री जगन्नाथ शास्त्री जी इस वंश के रत्न हैं। आप भी साहित्य के अच्छे पण्डित हैं और अपने वंश की परंपरा के अनुसार संस्कृत में उत्तम कविता करते हैं। आप धनधान्येश्वर संस्कृत विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं। पूज्य पितृव्य चरणों की भारत-कथा की प्रस्तुत 'बालतोषिणी' व्याख्या आपने ही की है। आपको चि० सुब्रह्मण्य, नृसिंह और चि० लक्ष्मण तीन पुत्र-रत्न हैं। विद्वज्जनों के आशीर्वाद से तीनों बालक दीर्घायु एवं अपने वंश की प्रतिष्ठा में चार चाँद लगानेवाले हों, यह ईश्वर से प्रार्थना है।

शास्त्री जी की रचनाएँ—श्री शास्त्री जी की अनेक रचनाएँ उपलब्ध हैं। आपने संस्कृत में गद्य और पद्य में अनेक रचनाएँ है आपकी रचनाएँ (१) मौलिक ग्रन्थ और (२) टीका-टिप्पणी दो भागों में विभक्त की जा सकती हैं। मौलिक रचनाओं में 'सूक्ति प्रपा', 'श्रीराजारामशास्त्रिणां जीवनवृत्तम्', 'श्रीबालशास्त्रिणां जीवनवृत्तम्', 'अलि-विला सिसंलापः', 'हंसष्टिकम्' और शाश्वताधर्मदीपिका' प्रसिद्ध हैं जहाँ तक टीका-टिप्पणियों का सम्बन्ध है, पदमंजरी, रसगंगाधर, वाक्यपदीय, तन्त्रवार्तिक, सिद्धान्तलेश, जयन्तवृत्ति, न्यायवार्तिक, तत्त्वबिन्दु आदि ग्रन्थों पर आपकी पाण्डित्यपूर्ण टिप्पणियाँ मिलती हैं। इनके अतिरिक्त आपकी कई रचनाएँ अप्रकाशित पड़ी हैं।

भारत-कथा : एक परिचय—'भारत-कथा' श्री शास्त्री जी द्वारा रचित 'शाश्वत-धर्मदीपिका' का एक अंश है जो छात्रों के हितार्थ पृथक् रूप से प्रकाशित किया जा रहा है। यह वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रथम परीक्षा में पाठ्य-ग्रंथ के रूप में निर्धारित है। प्रस्तुत काव्य की रचना का उद्देश्य श्री शास्त्री जी ने स्वयं दो श्लोकों में स्पष्ट कर दिया है। वे लिखते हैं :

बालानां भारतकथाबोधार्थं मङ्गलाय च।
धर्माचारेण कल्याणप्राप्ते ऽदृष्टान्तदित्सया ॥
बहुत्र भारतीयानां विषयाणां निबन्धनात्।
इह सम्बन्धबोधार्थं संक्षेपेणोच्यते कथा ॥

बालकों को महाभारत की कथा का ज्ञान कराने और जीवन को मंगल-मय बनाने के लिए तथा धर्माचरण से कल्याण-प्राप्ति के दृष्टान्त रूप में यह काव्य रचा गया है। महाभारत की कथा के अंशों का अनेक ग्रंथों में उल्लेख है। उनका परस्पर सम्बन्ध-बोध कराना भी इस काव्य का एक उद्देश्य है। हमारे विचार से यह प्रारम्भिक वर्ग के छात्रों को संस्कृत भाषा का ज्ञान कराने के लिए अतीव उपयुक्त है।

संक्षिप्त कथानक: कुरुवंश में पाण्डु नाम के एक राजा थे। मुनि के शापवश राज्य त्याग कर वे वन गये। उनकी दो पत्नियाँ कुन्ती और माद्री भी उनके साथ हो लीं। राजा पांडु को पुत्र न था। उनकी बड़ी रानी कुन्ती ने मन्त्रों से धर्मराज, पवनदेव और इन्द्र का आवाहन किया। उनसे उसने क्रमशः युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन ये तीन पुत्र प्राप्त किये। छोटी रानी माद्री को अश्विनीकुमारों से नकुल और सहदेव ये दो पुत्र मिले। पुत्रों के बचपन में ही एक दिन राजा पांडु ने काम के वशीभूत हो माद्री का आलिंगन किया और मुनि के शाप के कारण वे दिवंगत हुए। माद्री ने भी पाण्डु के दिवंगत होने पर अपने प्राण त्याग दिये। आश्रमवासी मुनि-जन कुन्ती और उसके पांचों पुत्रों को हस्तिनापुर ले आये।

हस्तिनापुर में चाचा धृतराष्ट्र उनका पालन-पोषण करने लगे। धृतराष्ट्र के दुर्योधन आदि सौ पुत्र-धीरे-धीरे पांडवों से शत्रुता करने लगे। भीष्मपितामह ने इन्हें धनुर्वेद की शिक्षा देने के लिए कृपाचार्य को नियुक्त किया। कुछ दिनों बाद उन्होंने पाण्डवों को धनुर्वेद की उच्चशिक्षा के लिए द्रोणाचार्य को सौंपा। धनुर्विद्या की पूरी शिक्षा देने के बाद द्रोणाचार्य ने इनसे राजा द्रुपद को जीतने के लिए कहा। अर्जुन ने द्रुपद को पराजित किया।

कर्ण दुर्योधन का घनिष्ट मित्र था। शकुनि उसका मामा था। वह पाण्डवों से जलता था। एक बार दुर्योधन ने भीम को विष देकर तथा सर्पों से कटवाकर नदी में फेंकवा दिया। वह बहता हुआ वासुकी नाग के घर पहुँचा। वहाँ उसने अमृत-पान किया। उससे उसकी शक्ति सौ हाथियों की-सी हो गयी। इसे देख दुर्योधन आदि बड़े दुःखी हुए।

दुर्योधन आदि कौरवों ने पांडवों को मरवा डालने के लिए धृतराष्ट्र को उसकाया। उसने उनको वारणावत भेज दिया। जाते समय चाचा विदुर ने पाण्डवों को गुप्त भाषा में बतलाया कि उनके लिए पुरोचन से लाह का घर बनवाया गया है। यह जान युधिष्ठिर सतर्क हो गये। एक दिन भीम ने रात में उस घर में आग लगा दी। पाण्डव और कुन्ती विदुर द्वारा बताये सुरङ्ग से निकलकर वन में चले गये। वहाँ सोये हुए भाइयों की रक्षा करते समय भीम का रात में हिडिम्ब नामक राक्षस से युद्ध हुआ। भीम ने उसे मारकर उसकी बहन हिडिम्बा से विवाह किया। उससे घटोत्कच नाम का एक पुत्र हुआ।

इसके बाद पाण्डव माता के साथ एकचक्रा नामक नगरी में गये। वहाँ वे कुछ समय ब्राह्मण के वेष में एक ब्राह्मण के घर छिपे रहे। एक दिन कुन्ती ने ब्राह्मण को रोते देख उसके दुःख का कारण पूछा। उसने उत्तर दिया कि 'इस गाँव के पास बक नाम का एक राक्षस रहता है। गाँव के लोग रोज एक मनुष्य को उसके भोजन के लिए उसके पास भेजते

हैं। आज मेरे पुत्र की बारी है। मुझे एक ही पुत्र है। अतः मैं शोक-सागर में डूब रहा हूँ।।' कुन्ती को दया आयी। उसने कहा : 'आज मेरा पुत्र जायगा।' उस ब्राह्मण के अस्वीकार करने पर कुन्ती ने उससे कहा : 'मुझे पाँच पुत्र हैं। उनमें से दूसरे को मन्त्रसिद्धि है। वह बक को मार डालेगा। तुम यह बात गुप्त रखना।' इस पर ब्राह्मण प्रसन्न हुआ। कुन्ती ने भीम से बक को मारकर बालक की रक्षा करने को कहा। जब यह बात युधिष्ठिर को मालूम हुई तो उन्होंने कुन्ती को मना किया। इस पर कुन्ती ने उनसे कहा : 'ब्राह्मण की रक्षा करना धर्म है। तुम मत डरो। भीम बक को मार कर लौट आयेगा।' उसने भीम को प्रेरित किया। भीम ने वन जाकर नगरी के उत्पीड़क बक को मार डाला।

उसी नगरी में रहते हुए पाण्डवों ने सुना कि राजा द्रुपद के यहाँ कन्या का विवाह है। सर्वश्रेष्ठ पराक्रमी पुरुष को कन्या दी जायगी। यह सुनकर पाण्डव धौम्य ऋषि के साथ द्रुपद के नगर गये। वहाँ वे एक कुम्हार के घर ठहरे। वहाँ नाना देशों से हजारों राजा आये थे। दुर्योधन, कृष्ण आदि भी स्वयंवर देखने आये। स्वयंवर की सभा में राजा द्रुपद के पुत्र धृष्टद्युम्न ने राजाओं से कहा : 'जो पुरुष इस धनुष पर प्रत्यञ्चा चढ़ा बाणों से लक्ष्य को बेधेगा, उससे मेरी बहन का विवाह होगा।' राजा लोग एक-एक कर उठे, किन्तु कोई धनुष को झुका न सका। तब कर्ण उठा। उसे देख धृष्टद्युम्न ने कहा : 'तुम सूत हो। हमारा तुमसे सम्बन्ध नहीं हो सकता। इसके बाद ब्रह्मवृन्द के बीच से ब्राह्मणवेषधारी अर्जुन उठा। उसने धनुष पर प्रत्यञ्चा चढ़ा लक्ष्य बेधा और द्रौपदी को प्राप्त किया। जब दुर्योधन आदि लड़ने के लिए खड़े हुए, तो उसने भीम की सहायता से उन्हे मार भगाया।

अर्जुन द्रौपदी को घर ले आया और उसे कुन्ती के सामने खड़ाकर दिया। कुन्ती ने कहा : 'तुम पाँचों इसका उपभोग करो' पाण्डव विचार करने लगे कि एक स्त्री के पाँच पति कैसे हो सकते हैं? इसी समय

भगवान् वेदव्यास वहाँ आ पहुँचे। उन्होंने कहा 'कि द्रौपदी का पाँचों पाण्डवों से विवाह हो सकता है। भगवान् शंकर का वरदान है। इसमें किसी प्रकार के दोष की शंका की आवश्यकता नहीं।' यह सुनकर द्रुपद ने द्रौपदी का पाँचों पाण्डवों से विवाह कर दिया। धृतराष्ट्र ने भी उनको इन्द्रप्रस्थ में राज्य दिया। वहाँ महामुनि नारद आये। उन्होंने उन्हें सुन्द-उपसुन्द की कथा सुनाकर कहा कि 'कहीं तुम लोगों में भी उसी प्रकार झगड़ा न हो।' इस पर पाण्डवों ने प्रतिज्ञा की कि 'जिसका वर्ष होगा, उसे द्रौपदी के साथ रमण करते यदि कोई दूसरा देख ले, तो वह एक वर्ष व्रत करेगा।' यह सुनकर नारद जी प्रसन्न हुए और स्वर्ग लौट गये।

एक दिन अर्जुन ने युधिष्ठिर को द्रौपदी के साथ देख लिया। इस पर अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार वह वन जाने के लिए तैयार हुआ। प्रेम के कारण उसे वन भेजने में युधिष्ठिर आगा-पीछा करने लगे। अर्जुन ने बड़ी कठिनाई से उनकी आज्ञा प्राप्त की। उसने वन जाकर चोल तनया उलूपी से विवाह किया और श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा का बलपूर्वक हरण भी किया। आगे चलकर उसे सुभद्रा से अभिमन्यु नामक पुत्र हुआ। युधिष्ठिर आदि अन्य भाइयों को भी दौपदी से पुत्र हुए।

एक बार अर्जुन जल-विहार के लिए श्रीकृष्ण के साथ यमुना-तट गया। वहाँ उसने एक तपस्वी को देखा। तपस्वी ने अर्जुन से भोजन माँगा। उसने भोजन देने की प्रतिज्ञा की। इसके बाद अर्जुन ने उससे उसका नाम पूछा। उसने कहा : 'मैं अग्निदेव हूँ, खाडव वन चाहता हूँ। परन्तु इस वन में तक्षक रहता है। वह इन्द्र का मित्र है। उसके प्रेम से इन्द्र खाण्डव वन की रक्षा करते हैं। अतः मैं तुम्हारी सहायता चाहता हूँ।' यह कहते हुए अग्नि ने अर्जुन को गाण्डीव धनुष, दो अक्षय तरकश और दिव्य कपिध्वज रथ दिया। अर्जुन अत्यन्त प्रसन्न हुआ। उसने अग्नि से

कहा : 'अब तुम निःशङ्क खाण्डव वन जलाओ। मैं इन्द्र को देख लूँगा।'

जब अग्नि खाण्डव जलाने लगा तो इन्द्र ने तक्षक की रक्षा के लिए वन पर जोरों से वर्षा की। अर्जुन ने बाणों का छाता बना वृष्टि का निवारण किया। तक्षक तो वन में आग लगते ही कुरुक्षेत्र भाग गया, पर उसकी स्त्री और पुत्र वहीं रह गये। उसके पुत्र ने अग्नि से वन को बचाने का बहुत प्रयत्न किया, परन्तु वह असफल रहा। तब पुत्र को बचाने के लिए तक्षक की स्त्री ने उसे निगल लिया और वहाँ से भागने लगी। अर्जुन ने उसे बाण से छेद कर गिरा दिया।

इसी समय इन्द्र ने जोर की वर्षा और आँधी से अर्जुन को व्याकुल कर दिया। अवसर पाकर तक्षक का पुत्र माँ के पेट से निकल कर भाग गया। अर्जुन को क्रोध आया। उसने देवताओं-सहित इन्द्र को परास्त किया। इतने में आकाश-वाणी हुई। अशरीरिणी वाणी ने इन्द्र से कहा। 'तुम्हारा मित्र तक्षक बचकर कुरुक्षेत्र भाग गया है। लड़ाई बन्द कर स्वर्ग जाओ। तुम अर्जुन और कृष्ण को हरा नहीं सकते। ये नर-नारायण हैं।' इस पर इन्द्र देवताओं-सहित स्वर्ग चले गये।

इधर अग्नि कृष्ण और अर्जुन के बल पर खाण्डव को यथेच्छ जलाने लगा। मय दानव भी खाण्डव में रहता था। वह प्राण बचाने के लिए अर्जुन की शरण आया। अर्जुन ने उसे बचा लिया। अग्नि भी खाण्डव-दाह से प्रसन्न हो कृष्ण और अर्जुन को आशीर्वाद दे चला गया। मय ने प्रसन्न हो अर्जुन से कहा : 'बताओ तुम्हारे लिए क्या करूँ।' उसने उसे कृष्ण के पास भेज दिया। कृष्ण के कहने से मय ने युधिष्ठिर के लिए खाण्डव-भूमि पर एक मणिमय सभा-भवन बना दिया।

देवर्षि नारद ने युधिष्ठिर को इसी सभा-भवन में राजसूय यज्ञ करने की सलाह दी। युधिष्ठिर ने कृष्ण से मन्त्रणा कर भीम और अर्जुन को जरासन्ध के वध के लिए मगध देश भेजा। उन्होंने स्नातक-वेष में वहाँ जाकर

जरासन्ध से युद्ध की भिक्षा माँगी। भीम ने युद्ध में जरासन्ध को मार डाला और उसके लड़के को राजा बनवाया।

इसके बाद युधिष्ठिर ने चारों भाइयों को दिग्विजय के लिए भेजा। उन्होंने सभी राजाओं को जीत सामन्त बना लिया। अब राजसूय यज्ञ आरंभ हुआ। यज्ञ के अन्त में युधिष्ठिर ने भीष्म की अनुमति से कृष्ण का अग्र-पूजन किया। इस पर शिशुपाल हँसा और कृष्ण को गालियाँ देने लगा। कृष्ण ने चक्र से उसका सिर उड़ा दिया।

दुर्योधन पाण्डवों की मणिमयी सभा देख रहा था। एक स्थान पर जल देख उसे सूखी भूमि का भ्रम हुआ। ज्यों ही वह आगे बढ़ा, फिसलकर पानी में गिर पड़ा। द्रौपदी को हँसी आ गयी। मानी दुर्योधन को बड़ा दुःख हुआ। उसने आत्महत्या करने का विचार किया। इसी समय वहाँ उसका मामा शकुनि आया। उसने उसे आत्महत्या करने से रोका और द्यूत में युधिष्ठिर का सारा धन हरण कर लेने की सलाह दी।

दुर्योधन ने पिता से मन्त्रणा कर युधिष्ठिर को छल से द्यूत के लिए बुलाया। शकुनि ने द्यूत में उसका सारा धन हर लिया। राज्य हार जाने पर युधिष्ठिर ने क्रमशः भाइयों, द्रौपदी और अपने को भी बाजी पर लगा दिया। शकुनि ने इन्हें भी जीत लिया। इसके बाद दुःशासन दुर्योधन की आज्ञा से द्रौपदी को राजोधर्म की अवस्था में ही सभा में ले आया। उसने वहाँ उसका वस्त्र-हरण करने का प्रयत्न किया। जब द्रौपदी ने देखा कि कोई सभासद इसका विरोध नहीं कर रहा है, तो उसने भगवान् कृष्ण का स्मरण किया। फलतः उसका वस्त्र अपार हो गया। दुश्शासन थककर अलग हो गया। भीम ने क्रोध से कहा : 'मैं रणाङ्गण में इसका रक्त पीऊँगा।' कर्ण ने ताली बजाकर हँसते हुए दुर्योधन की तरफ देखा। दुर्योधन ने अपनी पलथी दिखलाकर द्रौपदी से उस पर बैठने को कहा। द्रौपदी ने क्रोध से उसे शाप दिया। भीम ने प्रतिज्ञा की कि मैं युद्धभूमि पर गदा से दुर्योधन की ऊरू (जांघ) तोड़ूँगा।' अर्जुन ने घोषणा की कि 'मैं रणाङ्गण में कर्ण को मार गिराऊँगा।'

धृतराष्ट्र ने झगड़ा तोड़ने के लिए युधिष्ठिर को आधा राज्य दे समझा-बुझा बिदा किया। इतने में शकुनि ने उसे पुनः पुकारा और बारह वर्ष के वनवास और एक वर्ष के अज्ञातवास की बाजी लगा फिर खेलने को कहा। युधिष्ठिर तैयार हो गये। इस बार भी पुनः शकुनि ही जीता।

युधिष्ठिर कुन्ती को विदुर के घर तथा पुत्रों को द्वारका में रख चारों भाइयों तथा द्रौपदी के साथ वन गये। हजारों ब्राह्मण भी उनके साथ हो लिये। आपत्ति-काल में भी युधिष्ठिर ने ब्राह्मणों की आराधना नहीं छोड़ी। उन्होंने सूर्य की आराधना कर उनसे एक पात्र (स्थाली) प्राप्त किया। उससे अपार अन्न निकलता। उसी अन्न से वे ब्राह्मणों को तृप्त करते। भीम आदि ने युधिष्ठिर से शत्रु का नाश करने की अनुमति माँगी, पर उन्होंने धर्म को ध्यान में रख अनुमति नहीं दी। मुनिजनों की सेवा और पुराण-श्रवण करते हुए वे काम्यक और द्वैत वनों में रहने लगे।

श्री वेदव्यास की आज्ञा से युधिष्ठिर ने अर्जुन को भगवान् शंकर से पाशुपतास्त्र पाने के लिए हिमालय भेजा। वहाँ उसने तप किया। शंकर जी प्रसन्न हुए और किरात का रूप धारण कर उसके पास आये। एक वराह के लिए शंकर जी का अर्जुन से युद्ध हुआ। अर्जुन के पराक्रम से प्रसन्न होकर शंकर जी ने उसे पाशुपतास्त्र दिया।

इसके बाद मातलि उसे स्वर्ग ले गया। वहाँ अर्जुन ने दिव्यास्त्र प्राप्त किये। स्वर्ग में उर्वशी अर्जुन को देख उस पर मुग्ध हो उठी। किन्तु अर्जुन ने उसकी प्रार्थना अस्वीकार की। इस पर उर्वशी ने उसे षण्ढ होने का शाप दिया। इन्द्र ने अर्जुन को समझाकर शान्त किया। उन्होंने कहा: 'वत्स, अज्ञातवास के समय यह शाप तुम्हारा सहायक ही सिद्ध होगा।' अर्जुन ने निवातकवच और कालकेय दानवों को मारकर इन्द्र को उनसे प्राप्त अस्त्र-विद्या की गुरुदक्षिणा दी।

इस प्रकार पाँच वर्षों तक अद्भुत कार्य करते हुए अर्जुन वन में

रहा। इसी बीच उसने भाइयों को अपना वृत्तान्त निवेदन करने के लिए लोमश ऋषि को भेजा। अर्जुन का वृत्तान्त सुनकर युधिष्ठिर भाइयों और द्रौपदीसहित लोमश ऋषि के साथ तीर्थयात्रा करने के लिए निकले। बदर्याश्रम में पहुँचकर राजा वृषपर्वण का दर्शन कर उत्तर की तरफ बढ़े।

एक दिन द्रौपदी ने मार्ग में अद्भुत कमल देखे। उसने भीमसेन से उन्हें लाने की प्रार्थना की। भीम कमल लाने गया। मार्ग में उसकी हनूमान् जी से भेंट हुई। उनसे विदा हो भीम उत्तर की तरफ बढ़ा। वहाँ उसने कमलों से भरा एक तालाब देखा। उनमें उतरकर उसने कमल तोड़े। इतने में रक्षकों ने उसे मना किया। वह उनकी अवहेलना कर आगे बढ़ा। इस पर उसका रक्षकों से युद्ध हुआ। उसने रक्षकों को मार डाला। वहीं उसकी पत्नियों सहित घटोत्कच के पुत्रों से भेंट हुई। वहाँ से लौटकर उसने द्रौपदी को कमल दिये। एक बार मणिभद्र और उसके यक्षों से भीम का युद्ध हुआ। भीम ने उन्हें मार डाला। इस पर कुबेर उसके पराक्रम से अत्यन्त प्रसन्न हुए। उन्होंने भीम को शान्त करने के लिए उसकी स्तुति की। अर्जुन स्वर्ग से लौटकर भाइयों के पास पहुँचा। वे सब मिलकर द्वैत वन आये।

एक बार दुर्योधन पाण्डवों को अपना ऐश्वर्य दिखलाने की इच्छा से ग्राम-भ्रमण के व्याज से द्वैतवन आया। अचानक सरो विहार की इच्छा से चित्रसेन गन्धर्व भी वहाँ आ पहुँचा। दुर्योधन के सिपाहियों ने उसे मना किया तो उसने उन्हें मार डाला। कर्ण को भी भगाकर वह दुर्योधन को बाँध ले जाने लगा। इस पर दुर्योधन की स्त्री भानुमती जोरों से चिल्लाने लगी। पाण्डवों ने उसका आर्तनाद सुना। उन्होंने चित्रसेन को ललकार कर पराजित किया और दुर्योधन को छुड़ाया। भीम आदि उसे युधिष्ठिर के सामने ले आये। युधिष्ठिर ने उसकी सान्त्वना कर उसे विदा किया। दुर्योधन इस अपमान से बड़ा दुःखी हुआ। उसने अनशन कर प्राण त्यागने का विचार किया। परन्तु शकुनि ने उसे ऐसा करने से

पुनः मना किया। वे उसे समझा-बुझाकर घर ले गये। दुर्योधन ने कर्ण को दिग्विजय के लिए भेजा। कर्ण ने सब राजाओं को जीत वश में कर लिया। अब दुर्योधन ने 'पौण्डरीक-यज्ञ' किया और वह अपने को कृतार्थ मानने लगा।

एक बार जयद्रथ शिकार के लिए जङ्गल गया। वहाँ वह द्रौपदी को देख कामार्त हुआ। वह उसे अकेली पा बलपूर्वक उठा ले गया। जब पाण्डव शिकार खेल घर लौटे तो उन्होंने यह वृत्तान्त सुना। वे तुरत जयद्रथ के पीछे दौड़े। उस दुष्ट को पकड़कर युधिष्ठिर के सामने ले आये। भीम ने उसे मार डालने की आज्ञा मांगी। किन्तु युधिष्ठिर ने बहन के दुःख का विचार कर उसे छुड़ावा दिया। परन्तु जयद्रथ बड़ा दुष्ट था। उसने शंकर जी की आराधना कर अर्जुन को छोड़ सब पाण्डवों को युद्ध में जीतने का वर पा लिया।

एक बार इन्द्रदेव ब्राह्मण के वेष में कर्ण के पास पहुँचे उन्होंने कर्ण से उसके कुण्डल और कवच की भिक्षा माँगी। कर्ण बड़ा दानी था। उसने उन्हें दोनों पदार्थ दे दिये। इन्द्र बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कर्ण को एक वीर का अचूक नाश करनेवाली शक्ति प्रदान की। इसी शक्ति से आगे चलकर कर्ण ने घटोत्कच का नाश किया।

जब पाण्डव महर्षि तृणबिन्दु के आश्रम में रहते थे, एक हिरन किसी तपस्वी ब्राह्मण की अरणी ले भागा। ब्राह्मण ने युधिष्ठिर से अरणी ला देने को कहा। युधिष्ठिर भाइयों सहित अरणी खोजते हुए घोर वन में पहुँचे। वे सभी बहुत प्यासे हो गये। एक-एक कर पानी पीने के लिए पास के तालाब के किनारे गये। वहाँ एक यक्ष रहता था। जो पानी पीने के लिए तालाब पर आता, उससे वह प्रश्न पूछता और उत्तर देने में अवज्ञा करने पर मार गिरा देता।

जब चारों भाई लौटकर नहीं आये, तो युधिष्ठिर उन्हें खोजने चले। युधिष्ठिर ने तालाब के तट पर उन्हें गिरा देखा। उन्होंने निश्चय किया कि

तालाब का जल ही इनकी मृत्यु का कारण है। वे भी जल पीने बढ़े। उस यक्ष ने उनसे भी कहा कि 'मेरे प्रश्न का उत्तर देकर जल पिओ। यदि मेरी बात की अवहेलना करोगे तो तुम्हें भी भाइयों के रास्ते जाना पड़ेगा।' युधिष्ठिर ने उसके बहुत-से प्रश्नों का उत्तर दिया। अन्त में यक्ष ने कहा : 'इन भाइयों में से तुम जिसे चाहो, एक को हम जिला देंगे।' इस पर युधिष्ठिर ने नकुल का प्राणदान माँगा। यक्ष ने पूछा : 'भीम और अर्जुन को छोड़ तुम नकुल को क्यों चाहते हो?' उन्होंने उत्तर दिया : 'कुन्ती और माद्री हमारी दो माताएँ हैं। कुन्ती का पुत्र मैं जीवित हूँ। नकुल के जी जाने से हमारी दोनों माताएँ जीवित-पुत्रा हो जायँगी।' यक्ष ने प्रसन्न होकर सब भाइयों को जिला दिया। जाते-जाते उसने कहा : 'वत्स! हम धर्मराज हैं। तुम्हारी परीक्षा लेने के लिए यहाँ आये थे। तुम्हारी कोमल भावनाओं से बहुत प्रसन्न हैं। जो चाहो, वर माँगो। तेरहवें वर्ष तुम सफलता से अज्ञातवास करोगे।'

यक्षरूपधारी धर्मराज के चले जाने पर युधिष्ठिर अपने आश्रम में आये। उन्होंने ब्राह्मण को उसकी अरणी दे विदा किया। अपने सेवकों को भी लौटा दिया।

तेरहवाँ वर्ष आरंभ होते ही युधिष्ठिर आदि अज्ञातवास के लिए विराटनगर गये। वहाँ युधिष्ठिर स्वयं कंक नाम से ब्राह्मण के वेष में रहने लगे। भीम वल्लव नाम से सूद के वेष में, अर्जुन बृहन्नला नाम से षण्ढ बनकर, नकुल सईस बनकर तथा सहदेव ग्वाल बनकर रहने लगे। द्रौपदी रानी की परिचारिका सैरन्ध्री बनकर रहने लगी।

पाण्डव विराट नगर में अज्ञासवास कर रहे थे। वहाँ कीचक नाम का राजा का श्यालक भी रहता था। एक दिन सैरन्ध्री वेष में रहनेवाली द्रौपदी महारानी की आज्ञा से किसी काम से उसके घर गयी। कीचक ने उससे रमण का प्रस्ताव किया। जब द्रौपदी ने विरोध किया तो कीचक ने उसे बहुत मारा। द्रौपदी ने एकान्त में भीम से कीचक को मार डालने

के लिए कहा। भीम ने व्याज से कीचक को नृत्यशाला में बुलाया। वहाँ उसने उसे रात में मार डाला। सैरन्ध्री चिल्लाने लगी कि 'गन्धर्वों ने कीचक को मार डाला।' शोर सुनकर कीचक के सौ भाई वहाँ आ पहुँचे। वे कीचक के मृतशरीर और सैरन्ध्री को स्मशान ले गये। उन्होंने वहाँ चिता जलायी, सैरन्ध्री डर उठी और चिल्लाकर रोने लगी। उसका आर्तनाद सुन भीम वहाँ आया। उसने सौ शत्रुओं को मारकर द्रौपदी को छुड़ा लिया।

दुर्योधन ने गुप्तचरों द्वारा कीचक-वध का समाचार सुना। वह तुरत समझ गया कि यह काम भीम का ही है। उसने सुशर्मा को आज्ञा दी कि विराटनगर जाकर गायों का हरण करो। यदि पाण्डव बचाने आवें तो शोर मचाकर बात खोल दो और पाण्डवों के अज्ञातवास का व्रत तोड़ दो। सुशर्मा विराटनगर पहुँचा। वहाँ उसने रक्षकों को बाँध दिया और गायें लेकर चला। परन्तु भीम ने उसे पकड़ लिया। वह उसे मार डालता, परन्तु युधिष्ठिर के कहने पर छोड़ दिया। उधर विराटनगर की उत्तर तरफ दुर्योधन ससैन्य खड़ा था। उसने ग्वालों से बलपूर्वक गायें छीन लीं। ग्वालों ने विराट राजा के पुत्र उत्तर से रक्षा की याचना की। विराट का राजकुमार बृहन्नला को सारथी बनाकर मैदान में आया, परन्तु कौरवों की विशाल सेना देख रोता हुआ भागा। बृहन्नला ने उसे समझाया और अपने को अर्जुन होने का विश्वास दिलाया। उसने श्मशान के शमीवृक्ष से अपने आयुध लिये। अज्ञातवास का समय पूरा हो चुका था। अतः वह विराट के राजकुमार को सारथी बनाकर दुर्योधन आदि कौरवों से खुलकर लड़ा। उसने प्रस्वापनास्त्र से शत्रुओं को सुप्त कर दिया और उनके कपड़े छीनकर उन्हें छोड़ दिया।

दूसरे दिन तीर्ण-प्रतिज्ञ पाण्डव द्रौपदी सहित विराट की सभा में पहुँचे। राजा ने युधिष्ठिर को अपने सिंहासन पर बैठाया। उसे अपने पुत्र से

उनका वृत्तान्त सुन बड़ा विस्मय हुआ। राजा ने अर्जुन के पुत्र के साथ अपनी कन्या का विवाह कर दिया।

पाण्डवों के प्रकाश में आने पर कृष्ण, सात्यकी, द्रुपद आदि उनसे मिलने आये। विराट भी अपनी सेना सहित उनकी सहायता के लिए खड़ा हुआ, किन्तु युधिष्ठिर अपने संबंधियों की हत्या नहीं करना चाहते थे। अतः उन्होंने दुर्योधन से सन्धि करने के लिए भगवान् कृष्ण को दूत बनाकर भेजा। उन्होंने दुर्योधन से पाण्डवों के लिए केवल पाँच गाँव माँगे। परन्तु दुर्योधन और उसके मित्रों ने कुछ भी देने से इनकार कर दिया। दुर्योधन ने कृष्ण को पकड़ने की आज्ञा दी। इस पर क्रुद्ध होकर कृष्ण ने अपना भयानक रूप दिखाया। भीष्म आदि वृद्धों ने कृष्ण को शान्त कर विदा किया। कृष्ण ने आकर पाण्डवों को सारा वृत्तान्त कह सुनाया। अब दोनों तरफ से युद्ध की तैयारियाँ होने लगीं।

युद्ध के लिए कौरवों ने भीष्माचार्य को अपना सेनापति बनाया तो पाण्डवों ने धृष्टद्युम्न को। दोनों तरफ की सेनाएँ कुरुक्षेत्र के मैदान में आ डटीं। इसी समय अर्जुन को युद्ध में बन्धुओं को मारने में विरक्ति हुई। श्रीकृष्ण ने उसे गीता का उपदेश देकर लड़ने के लिए खड़ा किया। कौरवों का पाण्डवों के साथ घोर युद्ध हुआ। दस दिन की लड़ाई के बाद अर्जुन ने भीष्म को गिरा दिया। वे शरशय्या पर पड़े रहे।

भीष्म के गिर जाने पर दुर्योधन ने द्रोणाचार्य को सेनापति बनाया। पुनः युद्ध आरम्भ हुआ। तीसरे दिन अर्जुन संशप्तकों से लड़ने के लिए गया। उसकी अनुपस्थिति में द्रोणाचार्य ने चक्रव्यूह रचा। अभिमन्यु लड़ते हुए व्यूह में घुस गया। भीम आदि पाण्डव भी उसकी सहायता के लिए उसमें घुसना चाहते थे, परन्तु जयद्रथ ने उन्हें व्यूह के द्वार पर ही रोक रखा। भीतर अभिमन्यु लड़ता हुआ थक गया। छः महारथियों ने उसे घेरकर मार डाला।

संशप्तकों के युद्ध से वापस लौटने पर अर्जुन ने रात में अभिमन्यु की मृत्यु का हाल सुना। उसने क्रुद्ध हो प्रतिज्ञा की कि 'कल सूर्यास्त के पहले

जयद्रथ को मार डालूँगा। यदि ऐसा न कर सका तो अग्नि में प्रवेश कर प्राण दे दूँगा।' यह समाचार सुनकर कौरव द्रोणाचार्य को अगुआ करकर जयद्रथ की रक्षा करने लगे। दूसरे दिन घोर युद्ध हुआ। सायंकाल का समय आया। अर्जुन अपनी प्रतिज्ञा पूरी नहीं कर सका। उसने चिता जलवायी। इतने में जयद्रथ दिखायी दिया। सूर्य भी अस्त नहीं हुआ था। अर्जुन ने तुरन्त जयद्रथ का सिर उड़ा दिया।

इस घटना पर दुर्योधन बड़ा क्रुद्ध हुआ। उसने रात ही में युद्ध छेड़ दिया। इस युद्ध में घटोत्कच द्रोणाचार्य आदि योद्धाओं से खूब लड़ा। जब कर्ण ने देखा कि वह किसीसे मारा नहीं जा रहा है, तो उसने इन्द्र की दी हुई शक्ति से उसका संहार किया।

दूसरे दिन द्रोणाचार्य ने विराट और द्रुपद को मारकर पाण्डवों के लिए बड़ी भयावह स्थिति उत्पन्न कर दी। तब कृष्ण आदि की प्रेरणा से द्रोणाचार्य को छल द्वारा मारने के लिए युधिष्ठिर ने जोर से कहा : 'अश्वत्थामा मृतः'। इसके बाद उन्होंने धीरे से कहा : 'गजः'। द्रोणाचार्य ने केवल पहला वाक्य सुना। वे युधिष्ठिर को सत्यवादी मानते थे। अतः उनकी बात पर विश्वास कर द्रोणाचार्य ने दुःख से शस्त्र त्याग दिया। तब धृष्टद्युम्न ने दौड़कर उनका सिर उड़ा दिया। अश्वत्थामा ने जब यह बात सुनी तो उसने सब पाण्डवों का वध करने की प्रतिज्ञा की। उसने पाण्डवों पर नारायणास्त्र छोड़ा। कृष्ण ने उसे शान्त कर दिया। यह देख अश्वत्थामा को बड़ा दुःख हुआ। जब उसने व्यास जी से सुना कि कृष्ण और अर्जुन नर और नारायण हैं, तो उसने पश्चात्ताप करना छोड़ दिया।

द्रोणाचार्य के बाद दुर्योधन ने कर्ण को सेनापति बनाया। फिर युद्ध आरंभ हुआ। इस युद्ध में भीम ने दुःशासन को मार डाला। क्रुद्ध कर्ण अर्जुन से लड़ने के लिए उत्सुक था। सारथी शल्य ने उसे हतोत्साह करने का प्रयत्न किया, परन्तु वह असफल रहा। कर्ण का अर्जुन से युद्ध आरंभ हुआ। गुरु के शाप से कर्ण को भार्गवास्त्र का विस्मरण हो गया। इधर

उसके रथ के चक्र पृथ्वी में फँस रहे थे। रणांगण में वह बड़ी उलझन में पड़ गया। अन्त में सायंकाल होते-होते अर्जुन ने उसे मार डाला।

दूसरे दिन शल्य कौरवों के सेनापति हुए। उन्हें युधिष्ठिर ने मार डाला। नकुल ने शकुनि को मारा और सहदेव ने शकुनि के पुत्र का अन्त किया।

तब दुर्योधन भयभीत हुआ। उसने एक सरोवर में प्रवेश कर जल का स्तम्भन किया। भीम आदि वहाँ गये और उसकी भर्त्सना कर उसे बाहर निकाला। भीम के साथ उसका युद्ध हुआ। भीम ने गदा से उसके ऊरु तोड़कर उसे पृथ्वी पर गिरा दिया। उसने उसके सिर पर ठोकर मारी और उसकी भर्त्सना की। युधिष्ठिर ने भीम को मना किया। उन्होंने दैव की निन्दा कर दुर्योधन को शान्त किया। पाण्डव कृतकृत्य हो शिविर में गये।

इधर हार्दिक्य, कृपाचार्य और अश्वत्थामा दुर्योधन के पास आये। उन्होंने उसे सान्त्वना दी। अश्वत्थामा ने धृष्टद्युम्न आदि का नाश करने की प्रतिज्ञा की। उसने रात में धृष्टद्युम्न, पाण्डवों के पुत्र और अन्य सैनिकों को जगाकर मार डाला, परन्तु कृष्ण के प्रताप से वह पाण्डवों को न मार सका। दूसरे दिन द्रौपदी भाई और पुत्रों के लिए विलाप करने लगी। इस पर भीम आदि अश्वत्थामा का वध करने के लिए निकले। अश्वत्थामा ने इन पर अस्त्र चलाया। उसका प्रतीकार करने के लिए अर्जुन ने ब्रह्मास्त्र चलाया। भीम ने अश्वत्थामा के सिर की मणि निकाल ली। इससे द्रौपदी बहुत प्रसन्न हुई। अनन्तर पाण्डवों ने मरे हुए लोगों को पानी दिया, उनका श्राध्य-तर्पण किया और उनके स्त्रियों को सान्त्वना दी। अब युधिष्ठिर राजा हुए।

युधिष्ठिर राजा तो हुए, किन्तु स्वजनों की मृत्यु से उन्हें बड़ा ही निर्वेद हुआ। कृष्ण की मन्त्रणा से धर्म का रहस्य समझने के लिए वे शरशय्या पर पड़े भीष्म के पास पहुँचे। भीष्म ने उन्हें राजधर्म, आपद्धर्म आदि सब प्रकार के धर्मों का उपदेश दिया। अब युधिष्ठिर के मन में

आचार्य के बध से उत्पन्न पाप का क्षालन करने का इच्छा हुई। इसके लिए उन्होंने बन्धुओं की सहायता से दिग्विजय कर अश्वमेध यज्ञ किया।

उधर सौ पुत्रों के नाश से संतप्त हो धृतराष्ट्र वन चले गये। युधिष्ठिर भी उनका दर्शन करने वन आये। उसी समय विदुर जी स्वर्ग सिधारे। स्त्री-सहित धृतराष्ट्र और कुन्ती भी दवाग्नि में जल मरे। युधिष्ठिर उनका और्ध्वदैहिक कार्य कर नगर लौट गये।

कुछ दिनों के बाद उन्होंने अर्जुन के मुख से प्रभास-क्षेत्र में यादवों के नाश का वृत्तान्त सुना। परम हितैषी श्री कृष्ण के भी महानिर्वाण का दुःखद समाचार उन्हें मिला। इस पर निर्विण्ण हो वे भी स्वर्ग जाने को उत्सुक हुए। उन्होंने पौत्र परीक्षित् को राज्य दे द्रौपदी और भाइयों सहित उत्तर दिशा की ओर प्रयाण किया।

पाण्डवों के उत्तर दिशा की ओर प्रस्थान करते ही मार्ग में एक कुत्ता उनके साथ हो लिया। युधिष्ठिर के नेतृत्व में सब स्वर्ग की ओर आगे बढ़े। मार्ग में सहदेव आदि भाई एक-एक कर गिर पड़े। वे जब चिल्लाने लगे तो युधिष्ठिर ने उनकी तरफ देखकर कहा कि 'यह तुम्हारे पाप का फल है।' युधिष्ठिर आगे बढ़े। इतने में स्वर्गदूत ने उनसे कहा : 'इस कुत्ते को यहीं छोड़ तुम स्वर्ग जाओ।' युधिष्ठिर ने उत्तर दिया : 'मैं अपने भक्त को नहीं छोड़ूँगा।' इस पर स्वर्गदूत ने युधिष्ठिर को समझाया : 'कर्म-वैचित्र्य के कारण प्राणियों को विभिन्न लोक प्राप्त होते हैं। यह कुत्ता आपके साथ शुभगति नहीं प्राप्त कर सकता।' युधिष्ठिर ने उसे उत्तर दिया : 'इसे छोड़ मैं स्वर्ग का सुख नहीं चाहता।' इसी समय वह कुत्ता अपना कृत्रिम रूप छोड़ धर्मराज के रूप में प्रकट हुआ। उसने युधिष्ठिर से कहा : 'पुत्र! तुम्हारी परीक्षा हो चुकी। तुम स्थिर हो। निश्चय ही स्वर्ग प्राप्त करो।'

युधिष्ठिर इन्द्रलोक पहुँचे। वहाँ उन्होंने दुर्योधन, कर्ण आदि को बड़े आनन्द से रहते देखा। उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ। इतने में नरक के निवा-

सियों की चीखें कानों में पड़ीं। दयालु युधिष्ठिर उन्हें देखने चले। देवताओं ने उन्हें मना किया, परन्तु उन्होंने नहीं माना। नरक में पहुँचकर उन्होंने स्वजनों को यातना भोगते देखा। उन्होंने युधिष्ठिर से कहा : 'भाई ! क्षणभर यहाँ बैठो और हमें सुखी करो। तुम्हारे सान्निध्य से हमें यहाँ की यातना का कष्ट नहीं हो रहा है। तुम्हारे जाने पर पुनः नरक का कष्ट होगा।' यह सुन दयालु युधिष्ठिर ने वहाँ रहने का विचार किया। इस पर देवताओं ने उनसे कहा : 'तुम ऐसा मत करो। मनुष्यों की गति अपने-अपने कर्मों के अनुसार भिन्न-भिन्न होती है।' युधिष्ठिर ने उन्हें उत्तर दिया : 'मैं अपने बन्धुओं को दुःख में छोड़ इन्द्रपद भी नहीं चाहता।' यह सुन देवता सन्तुष्ट हुए। उन्होंने का : 'यह माया तुम्हारी परीक्षा के लिए रची गयी थी। परीक्षा हो चुकी। अब स्वर्ग चलो।'

देवता युधिष्ठिर को स्वर्ग ले आये। वहाँ उन्होंने भाई, भार्या, मित्र और अनु जीवियों के साथ उत्तम सुख का उपभोग किया। उन्होंने अपने सद्गुणों से अक्षय सुख प्राप्त किया।

काव्यों में अलङ्कारों का उपयोग काव्य की शोभा बढाने तथा उक्ति को विशद करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं : शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार। इन दोनों को मिलाने से उभयालङ्कार नाम का अलङ्कारों का एक तीसरा प्रकार भी खड़ा हो जाता है। उभयालङ्कारों की अपनी छटा भी निराली है, तथापि मूलभूत पदार्थ शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार ही हैं। पूज्य शास्त्रीजी की रचनाओं में दोनों प्रकार के अलङ्कारों का प्रयोग प्रचुर मात्रा में मिलता है। आपका 'हंसाष्टक' सभङ्ग और अभङ्ग दोनों प्रकार के शब्द-श्लेषों का उत्तम उदाहरण है। 'अलि-विलासिसंलोप' और अन्य रचनाओं में भी शब्दश्लेष का चमत्कार दिखाई देता है। आपका श्लेष कठिन नहीं होता। श्लेष के स्थल को पढ़ने पर अर्थ समझने में प्रायः देर नहीं

लगती। सुबोध होने के कारण आपका श्लेष रसास्वाद में बाधक नहीं होता और काव्य की शोभा बढ़ाता है।

पूज्य शास्त्री जी अर्थालङ्कारों के प्रयोग में भी सिद्धहस्त हैं। आपके काव्यों में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अर्थान्तरन्यास आदि सभी मुख्य-मुख्य अर्थालङ्कारों के प्रयोग मिलते हैं। ये अलङ्कार जहाँ आते हैं, उक्ति के वैचित्र्य से काव्य की शोभा बढ़ाते हैं और उसका अर्थ स्पष्ट कर देते हैं। पूज्य शास्त्री जी दर्शनशास्त्र के भी अगाध विद्वान् थे। अतः आपकी अधिकतर उपमाएँ शास्त्र के क्षेत्र से ली गयी हैं।

'भारत-कथा' बालकों के लिए बनायी गयी है। इसमें महाभारत की कथा बहुत ही संक्षेप में सूत्रों की भाषा में वर्णित है। ऐसा होने पर भी दो सुन्दर उपमाओं के उदाहरण इसमें आ ही गये हैं। पहला उदाहरण पैंतीसवें श्लोक में है। राजा द्रुपद के घर स्वयंवर में अर्जुन के सफल होने पर दुर्योधन आदि उससे लड़ने आये। उस समय अर्जुन ने भीम की सहायता से उन्हें वैसे ही मार भगाया, जैसे विवेक आगम की सहायता से दोषों को दूर कर देता है। दूसरा उदाहरण पैंतालीसवें श्लोक में है। दोनों ही उपमाएँ शास्त्र के क्षेत्र से ली गयी हैं। पहली उपमा का सम्बन्ध योग से है, तो दूसरी का सांख्य से।

काव्य-शैली की कुछ विशेषताएँ : पूज्य शास्त्री जी की साहित्यिक रचनाओं में भाषा की दृष्टि से प्रसाद गुण है। आपके वाक्य छोटे-छोटे और स्पष्ट हैं। रचना में बहुत बड़े-बड़े समास नहीं होते। प्रायः कर्णकटु शब्दों का प्रयोग नहीं मिलता। आप वाक्यों में अधिकतर गणों के क्रियापदों का प्रयोग करते हैं। वाक्य पढ़ते ही प्रायः अर्थ तुरत समझ में आ जाता है। रीति वैदर्भी है और भाषा व्याकरण की दृष्टि से परिष्कृत है। 'भारत-कथा' केवल मूल कथा का परिचय कराने के लिए लिखी गयी है। कवि ने इसमें अपना कवित्व दिखलाने का प्रयत्न नहीं किया है। 'अलि-विलासि-संलाप' और अन्य रचनाओं में आपकी काव्य-कला का परिचय मिलता है। उन रचनाओं में माधुर्य और ओज गुण का भी

आस्वाद मिलता है। भाषा का संक्षेप और विस्तार करने की आपकी कला भी अद्वितीय है। आपका छन्दशास्त्र पर भी पूरा अधिकार है। 'भारत-कथा' तो अनुष्टुप् छन्द में लिखी गयी है। किन्तु आपकी अन्य रचनाओं में अनेक छन्दों का उत्तम प्रयोग दिखाई देता है।

शान्तरस के महाकवि : यद्यपि पूज्य शास्त्री जी के काव्यों में शृङ्गार, करुण, शान्त, अद्भुत आदि मुख्य रसों की अद्भुत दीप्ति के उदाहरण मिलते हैं, तथापि विचार करने पर उनमें शान्त रस का ही वजन अधिक दिखाई देता है। 'भारत-कथा' में महाभारत की कथा है। 'ध्वन्यालोक' के कर्ता आनन्दवर्धन के विचार से महाभारत का मुख्यरस शान्तरस है। ऐसी स्थिति में 'भारत-कथा' में भी शान्त रस ही मानना चाहिए। 'हंसाष्टक' में शान्त रस की सत्ता स्पष्ट ही है। इसमें कवि ने संसार के प्रति निर्वेद दिखाकर ब्रह्मसारूप्य-प्राप्ति को उपादेय बतलाया है। 'अलि-विलासि-संलापः' में शृङ्गार और शान्त का विचित्र संमिश्रण है। दोनों के आश्रय भिन्न होने के कारण और दोनों के बीच अन्य रसों के आते रहने के कारण दोनों का वहाँ विरोध नहीं है। आपके अन्य काव्यों में भी निर्वेद स्थायीभाववाला शान्त रस ही विशेष दिखाई देता है। यह सब आपके दर्शनशास्त्र के ज्ञान का परिणाम है। आपका प्रधान विषय साहित्य था, पर आपके मन का झुकाव दर्शनों की तरफ अधिक था। उपर्युक्त कारणों से हम पूज्य शास्त्री जी को 'शान्तरस के महाकवि' कह सकते हैं।

हम पहले कह चुके हैं कि 'भारत-कथा' की रचना बालकों को महाभारत की कथा से परिचित कराने के उद्देश्य से की गयी है। इसका दूसरा उद्देश्य बालकों को यह उपदेश देना है कि सत्-कार्य से कल्याण-प्राप्ति होती है। इन उद्देश्यों से यह स्पष्ट है कि पूज्य शास्त्री जी ने इस कथा की रचना विश्व-मंगल की भावना से ही प्रेरित होकर की है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,

—कान्तानाथ शास्त्री तैलंग

गुरुपूर्णिमा, सं० २०२१

अनुक्रम

[कोष्ठ में श्लोक संख्या है ।]

विषय	पृष्ठ-संख्या
१. **भारतकथा : आदिपर्व** पाण्डु का वनगमन पाण्डव-जन्म, पाण्डु की मृत्यु,माद्री का सहगमन, कुन्ती और पाण्डवों का हस्तिनापुरआगमन (१—५)	१—३
२. धृतराष्ट्र द्वारा पाण्डवों का कौरवों के साथ पालन-पोषण, अस्त्रशिक्षा, गुरुदक्षिणा, कौरवों की उनसे शत्रुता (६—१५)	४—६
३. हिडिम्ब-वध, घटोत्कच-जन्म, बकासुर-वध (१६—२७)	६—१४
४. द्रौपदी-परिणय और राज्य प्राति (२८—३८)	१४—१६
५. नारद-उपदेश, अर्जुन-वनवास, सुभद्राहरण, उलूपी-विवाह, पाण्डवों को पुत्रप्राप्ति (३९—४६)	२०—२३
६. खाण्डव-वनदाह (४७—५१)	२४—२६
७. **सभापर्व** : मयासुर का सभामण्डप-निर्माण, राजसूय यज्ञ, जरासन्ध वध, दिग्विजय, श्रीकृष्ण की अग्रपूजा, शिशुपाल-वध, दुर्योधन का अपमान (५२—५८)	२६—२९
८. शकुनि की द्यूतसभा, द्रौपदी का वस्त्रहरण, पाण्डवों की प्रतिज्ञा, पाण्डवों की पराजय (५९—६८)	२९—३३

विषय	पृष्ठ-संख्या
९. **वनपर्व** : कुन्ती और पुत्रों को छोड़ पाण्डवों का वनगमन, सूर्यस्थाली से मुनि-सेवा; अर्जुन की हिमालय-यात्रा, किरातार्जुन-युद्ध, पाशुपतास्त्रप्राप्ति, अर्जुन का स्वर्गगमन (६९—७९)	३४—३९
१०. पाण्डवों की तीर्थयात्रा, कमल की कहानी,-भीम-कुबेर युद्ध (८०—८७)	३९—४३
११. अर्जुन एवं पाण्डवों का द्वैतवनगमन, चित्रसेन द्वारा दुर्योधन की पराजय, दुर्योधन का पौण्डरीक याग और दिग्विजय (८८—९५)	४३—४६
१२. जयद्रथ द्वारा द्रौपदीहरण और पराजय, जयद्रथ को शिव का वरदान, कर्ण द्वारा इन्द्र को कवच-कुण्डल-समर्पण और शक्तिप्राप्ति (९६—१००)	४७—४८
१३. अरणी-अन्वेषण, यक्ष से धर्मराज के प्रश्नोत्तर (१०१—१०९)	४९—५२
१४. **विराटपर्व** : धर्म का अन्तर्धान, पाण्डवों का अज्ञातवास, कीचकवध (११०—११८)	५३—५७
१५. उत्तर-गोग्रहण, बृहन्नला का सारथित्व, अज्ञातवास-समाप्ति, उत्तरा-अभिमन्यु-परिणय (११९—१२८)	५७—६२
१६. **उद्योगपर्व** : रण-निमन्त्रण, सन्धिवार्ता, कृष्ण का प्रत्यावर्तन (१२९—१३३)	६२—६४
१७. **भीष्म पर्व** : भीष्म का सेनापतित्व, अर्जुन मोह, गीतोपदेश, दस दिन घोर युद्ध, भीष्म-पराजय (१३४—१३७)	६४—६५
१८. **द्रोणपर्व** : द्रोण का सेनापतित्व, संशप्तक-विध्वंस, अभिमन्यु को वीरगति, अर्जुन द्वारा जयद्रथ-वध,	

विषय	पृष्ठ-संख्या
घटोत्कचवध, द्रुपद, विराट और द्रोण की मृत्यु, अश्वत्थामा का नर-नारायणज्ञान (१३७—१४६)	६५—७१
१६. **कर्णपर्व** : कर्ण का सेनापतित्व, दुःशासन-वध, शल्य का सारथित्व, कर्ण-वध (१५०—१५३)	७१—७२
२०. **शल्यपर्व** : शल्य का सेनापतित्व, उसका वध, दुर्योधन का भीम से युद्ध व पराजय (१५४—१५८)	७३—७५
